तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 11 जनवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

13 मोदी सरकार ने किया मनरेगा की मूल आत्मा को खत्म...


14 50 रूपये में ठहरना और भोजन, फिर भी रैनबसेरा ...








## खबर संक्षेप

### जीजामगांव में मां शाकंभरी जयंती आज

**जीजामगांव।** कोसरिया मरार समाज जीजामगांव के तत्वावधान में 11 जनवरी रविवार को मां शाकंभरी जयंती उत्सव कार्यक्रम



का आयोजन किया गया है। समाजजनों ने बताया कि 11 जनवरी को सुबह 9.30 बजे मां शाकम्भरी कथा पूजा, 11 बजे से कलश यात्रा, दोपहर 2.30 से अतिथि सम्मान समारोह तथा दोपहर 3 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

### बकली में मड़ई आज

**सिर्री।** ग्राम बकली में ग्रामवासियों के सहयोग से 11 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन कार्यक्रम में लखनपुरी कवर्धा की नाचा की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी अंकालुराम नगारची ग्रामीण कोषाध्यक्ष ने दी है।

### अरौद में मड़ई मेला महोत्सव 13 को

**धमतरी।** समीपस्थ ग्राम अरौद ली. में पारंपरिक मड़ई मेला महोत्सव 13 जनवरी मंगलवार को रखा गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए माउलीभाटा ओडिशा का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति एवं ग्राम कोटवार दिनेश कुमार नगारची ने दी।

### रेलवे स्टेशन चरमुड़िया में मड़ई 17 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम चरमुड़िया रेलवे स्टेशन पारा में 17 जनवरी शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में माटी के सिंदूर छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी बूटाकसा मानपुर मोहल्ला की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में सुनील ध्रुव, नारायण साहू, बी भवानी पटनायक, रामलाल ध्रुव, तुलसी यादव, शेषनारायण पटेल, विश्राम रात्रे जुटे हुए हैं। यह जानकारी नीतू तोड़ेकर सरपंच ने दी है।

### गोजी में मड़ई 14 जनवरी को होगी

**सिर्री।** ग्राम पंचायत गोजी में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को मड़ाई मेला एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, दिलीप चक्रधारी जनपद सदस्य, मनीषा साहू जनपद सदस्य होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच जयमित्र साहू करेंगे। रात्रिकालीन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोककला मंच कारी बदरिया मोखा गुरुर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी अध्यक्ष बरातूराम गंगोई, उपाध्यक्ष वासुदेव साहू, उमेश साहू, सचिव देवलाल पाल, कोषाध्यक्ष संजय साहू ने दी।

### अग्निवीर सेना भर्ती रैली शुरू, पहले दिन 6 जिले के युवा हुए शामिल

# अग्निवीर बनने कड़कड़ाती ठंड में 412 युवाओं ने बहाया पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला धमतरी में आयोजित प्रदेशस्तरीय अग्निवीर सेना भर्ती रैली का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। भर्ती के पहले दिन छत्तीसगढ़ के 6 जिलों सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, जशपुर, बलरामपुर एवं गौरेला-पेंड्रा-मरवाही से आए युवाओं ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ अपनी प्रतिभा एवं शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया। इस दिन के लिए कुल 532 अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए गए थे, जिनमें से 412 युवाओं ने भर्ती स्थल पर उपस्थित होकर प्रक्रिया में भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच आयोजित दौड़ परीक्षा में 311 युवाओं ने सफलता हासिल की। दौड़ उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को अब शारीरिक दक्षता परीक्षण, दस्तावेज़ सत्यापन तथा मेडिकल परीक्षण की अगली प्रक्रियाओं से गुजरना होगा।



जिला प्रशासन एवं सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के संयुक्त समन्वय से पूरी भर्ती प्रक्रिया सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। भर्ती स्थल पर सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस प्रदेश स्तरीय अग्निवीर सेना भर्ती को सफल बनाने कई माह पूर्व से ही व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी थीं। उनके मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों तथा सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारियों के साथ नियमित बैठकों के माध्यम से भर्ती अभियान की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई, जिसके सकारात्मक परिणाम पहले ही दिन देखने को मिले। भारतीय सेना में चयन प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं केवल योग्यता के आधार पर होती है। प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के जालसाजों एवं बिचौलियों के बहकावे में न आएं और अपनी मेहनत व क्षमता पर भरोसा रखें।

पहले दिन की सफल शुरुआत के साथ ही जिले में अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर युवाओं में अपार उत्साह देखा जा रहा है, जो देश सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और जुनून को दर्शाता है।

# निर्धारित किराए से ज्यादा वसूली पर सख्ती तीन माह के लिए लाइसेंस होगा निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब में 10 से 24 जनवरी तक आयोजित होने वाली 15 दिवसीय आर्मी भर्ती रैली को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इस रैली में प्रदेश के 33 जिलों से लगभग 8999 अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन की जिम्मेदारी जिला प्रशासन ने संभाली है।

रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थी 9 जनवरी से ही धमतरी पहुंच गए थे। इसी का फायदा उठाते हुए कुछ ऑटो और ई-रिक्शा चालकों द्वारा जरूरत से अधिक किराया वसूले जाने की शिकायतें सामने आईं। बस स्टैंड से इंडोर स्टेडियम की दूरी महज 2.8 किलोमीटर होने के बावजूद अभ्यर्थियों से 70 से 100 रुपए तक किराया वसूला जा रहा है।

मामले की जानकारी मिलते ही एसडीएम पीयूष तिवारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल आरटीओ अब्दुल मुजाहिद खान से संपर्क किया। इसके बाद परिवहन विभाग ने किराया निर्धारण का आदेश जारी किया। आरटीओ के अनुसार बस स्टैंड और घड़ी चौक से इंडोर स्टेडियम तक ऑटो किराया 20 रुपए प्रति सवारी निर्धारित किया गया है, जबकि अंबेडकर चौक से इंडोर स्टेडियम तक का किराया 10 रुपए प्रति सवारी तय किया गया है।

परिवहन विभाग की टीम ने बस स्टैंड, चौक-चौराहों में खड़े ऑटो चालकों से सीधे बात कर उन्हें निर्धारित किराए की जानकारी दी और सख्त हिदायत दी कि तय दर से अधिक किराया लेने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरटीओ अब्दुल मुजाहिद खान ने स्पष्ट किया कि यदि कोई चालक निर्धारित किराए से अधिक वसूली करता

**आर्मी भर्ती रैली को लेकर परिवहन विभाग अलर्ट, ऑटो चालकों को दी हिदायत**



पाया गया तो उसका लाइसेंस 3 महीने के लिए निलंबित किया जाएगा।

धमतरी पहुंचे अभ्यर्थियों ने बताया कि पहले उनसे ऑटो चालक ने 100 रुपए की मांग की, बाद में 70 रुपए में चलने पर सहमति बनी और दो सवारियों से 140 रुपए वसूले गए। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर भर्ती रैली के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था रैनबसेरा जिला अस्पताल परिसर, सोनकर भवन रामबाग और राखेचा भवन साल्हेवार पारा में की गई है। प्रशासन और परिवहन विभाग की इस सख्ती से अभ्यर्थियों को राहत मिलने की उम्मीद है और भर्ती रैली का आयोजन सुचारु रूप से होगा।

## विधवा का शपथ पत्र देकर महतारी वंदन का लिया लाभ

**धमतरी।** विधवा बताकर महतारी वंदन योजना का लाभ लेने वाले महिला के खिलाफ पति ने एफआईआर दर्ज करने की मांग कलेक्टर से है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरर कांकेर के स्वास्थ्य कर्मचारी राजेंद्र सिन्हा ने कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन कर कहा है कि रिसाईपारा पश्चिम टिकरापारा निवासी उनकी पत्नी विगत 12-13 साल से अपने मायके में रह रही है। महतारी वंदन योजना के आवेदन एवं शपथ पत्र में पूछे गए परिवार का कोई सदस्य भारत सरकार एवं राज्य सरकार के शासकीय विभाग के उपक्रम, स्थानीय निकाय के स्थाई, अस्थाई, संविदा पदों पर कार्यरत अधिकारी कर्मचारी में नहीं पर राईट चिन्ह दर्शाया है। वहीं आवेदन के संलग्न दस्तावेज में विधवा होने की स्थिति में पति के मृत्यु प्रमाण पत्र पर राईट का चिन्ह दर्शाकर महतारी वंदना योजना का लाभ ले रही है। गजेंद्र सिन्हा ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि उनकी पत्नी कुटुंब न्यायालय में पति को जीवित बताकर भरण पोषण का दावा कर रही है। वहीं दूसरी ओर स्वयं को विधवा बताकर न्यायालय और शासन को गुमराह कर रही है। झूठा शपथ पत्र के आधार पर उसने शासन की योजना का लाभ प्राप्त किया है। विरोधाभाष एवं कपटपूर्ण आचरण को लेकर कानूनी कार्रवाई की आवश्यकता है। राजेंद्र ने झूठा शपथ पत्र देकर महतारी वंदना योजना का लाभ लेने वाली के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग कलेक्टर से की है।

■ पति ने की एफआईआर दर्ज कराने की मांग

# बड़ी रेललाइन की जद में आ रहे मकानों को किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सेहराडबरी में रेलवे जमीन से कब्जा हटाया गया। रायपुर क्षेत्रीय रेलवे, धमतरी राजस्व विभाग और पुलिस ने मिलकर यह अभियान चलाया। उधर प्रभावित लोगों ने बताया कि रेलवे की ओर से उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया।

सेहराडबरी से रेलवे लाइन गुजरी हुई है। यहां पर रेलवे जमीन पर अतिक्रमण था। जहां पर लोगों ने मकान बना लिया था। वहीं कुछ निजी जमीन भी बड़ी रेललाइन निर्माण की जद में आ रही थी, जिसे रेलवे ने अधग्रहित किया था। इन घरों से बड़ी रेललाइन के निर्माण में बाधा

**सेहराडबरी में रेलवे जमीन से हटाया गया कब्जा**



उत्पन्न हो रही है, जिसे देखते हुए रेलवे ने धमतरी राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के सहयोग से इन मकानों को ध्वस्त किया। बुलडोजर से करीब 35 निर्माण को जमींदोज किया गया। इस कार्रवाई से कई परिवार कड़कड़ाती ठंड में खुले में आ गए हैं। कई लोग तो अपने मकान के आसपास ही झोपड़ी बनाकर रहने लगे हैं।

प्रभावित लोगों ने बताया कि रेलवे की ओर से उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए किसी प्रकार का नोटिस नहीं दिया गया है और न ही मुआवजा दिया गया है। अचानक की गई इस कार्रवाई से वे बाल बच्चों समेत खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। उन्होंने व्यवस्थापन की भी मांग की है।

### मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# अनुदान राशि नहीं मिलने से पंचायतों का हाल बेहाल, सरपंच संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायतों के विकास के लिए शासन के उदासीन रवैये पर सरपंच संघ में आक्रोश है। संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर विकास कार्यों के लिए आवंटन की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

सरपंच संघ धमतरी के अध्यक्ष हिमांशु शेखर साहू, सचिव हेमंत नेताम तथा परसुली सरपंच ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि ग्राम पंचायत का चुनाव हुए दस माह हो चुका है। पंचायत की मूलभूत आवश्यकता एवं पंचायत विकास के लिए मिलने वाली अनुदान राशि राज्य एवं केंद्र सरकार से आज पर्यन्त तक प्राप्त नहीं हुई



है। संघ की मांग है कि वर्ष 2025-26 की 15वें वित्त आयोग की राशि जारी की जाए। मनरेगा अंतर्गत आवंटन राशि, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं अन्य पेंशन के लिए बनाई गई नियमावली को शिथिलकर संबंधित व्यक्ति की परिस्थिति के आधार पर पेंशन निर्धारण या पात्र करने का आदेश ग्राम पंचायत को सौंपने, पंच सरपंचों की भागदौड़ एवं कार्यों को गौर करते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिए जा रहे मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि करने का आदेश करने की मांग की है।

सरपंच संघ ने कहा है कि संघ की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो संघ आंदोलन के लिए बाध्य होगा। शासन- प्रशासन से मिले आदेश कार्य को पंचायत स्तर पर पालन नहीं किया जाएगा। संघ की मांगों को ध्यान में रखते हुए उचित आदेश जारी करने की मांग की गई है।

# हाथी ने किया अधिकारियों की गाड़ी पर हमला





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अधिकारियों का वाहन क्षतिग्रस्त करने के बाद घायल हाथी सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र में पहुंच गया है। वन विभाग की टीम लगातार हाथी की निगरानी कर रहा है। घूमते हुए यह हाथी सड़क पर आ गया था, जो अब जंगल की ओर चला गया है।

आडिशा से एक हाथी अपने दल से भटककर गरियाबंद के सिकासेर क्षेत्र में विचरण कर रहा था। यह हाथी बीमार था, जिसकी निगरानी करने के लिए वन विभाग की टीम पहुंची थी। धमतरी सीतानदी रेंज में हाथी की बीमार हालत को देखते हुए टीम ने दवा खिलाई। गुड़ के लड्डू में चिकित्सकों ने दवा मिलाकर हाथी जाने के संभावित रास्ते में रख दिया था। हाथी ने लड्डू खा भी लिया। इस दौरान हाथी ने निगरानी दल का पीछा किया और वहीं पर खड़े वन विभाग के निगरानी दल के जिप्सी वाहन पर हमला बोल दिया। हमले के वक्त जिप्सी में कोई नहीं था। निगरानी दल के सदस्य करीब 50-60 मीटर की दूरी पर थे, जिससे किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है, लेकिन हाथी के हमले से जिप्सी का पिछला कांच चकनाचूर हो गया। स्थिति को देखते हुए वन विभाग द्वारा रिजर्व फारेस्ट के कई गांवों में मुनादी कराई गई है। लोगों को जंगल जाने से मना किया गया है। हाथी की निगरानी ट्रेकिंग दल के साथ एसडीओ, रेंजर सहित अन्य अधिकारी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### भखारा में बनेगा बाईपास रोड, मिलेगी राहत

**कोर्रा(भखारा)।** भखारा में बाईपास की वर्षों पुरानी मांग के लिए शासन द्वारा 15 करोड़ की स्वीकृति मिल गई है। अब भखारा में 4 किमी का बाईपास रोड बनाया जाएगा जो सिहाद मोड़ से शुरू होकर रायपुर रोड में कोलियारी चौक पर मिलेगा। जैसी ही इसकी जानकारी मिली भखारा में उत्साह का माहौल बन गया। ज्ञात हो कि भखारा में बाईपास मार्ग के लिए वर्षों पहले टेंडर भी हो गया था। रोड पर मिट्टी भी डाली गई थी लेकिन किसानों के भूमि अधिग्रहण और मुआवजा विवाद के कारण कार्य बंद हो गया, फिर बघेल सरकार ने सभी किसानों को खेत का मुआवजा भुगतान कराया। फिर बाईपास रोड बनने का रास्ता साफ हो गया। शासन बदलने के बाद विधायक अजय चंद्राकर की विकास की सोच के तहत 2025-26 के बजट में इसे शामिल कर स्वीकृति दिलाई गई। यह जानकारी नपं अध्यक्ष ज्योति जैन और विधायक प्रतिनिधि हरख जैन ने दी।

### जी-राम-जी अधिनियम से गांवों की तस्वीर बदलेगी : नरेश



**मगरलोड।** प्रदेश किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य एवं जी-राम-जी (विकसित जनजागरण अभियान) के सदस्य नरेश सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है जो गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। श्री सिन्हा ने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी की भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, पानी, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं।

## निधन

### हेमिनबाई साहू



**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी निवासी श्रीमती हेमिनबाई साहू का 9 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वह 92 वर्ष की थीं। वे घनश्याम साहू, हेमलाल साहू, भीखम साहू, केशव साहू व मंशाराम साहू की माताजी थीं। उनका अंतिम संस्कार आमदी के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में नगरवासियों के साथ गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

---

काफी दिनों से जनरेटर एवं बैटरी खराब, उच्च अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

# बिजली बंद रहने से पोस्ट ऑफिस की सेवाएं ठप, उपभोक्ताओं को लौटना पड़ा खाली हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगर स्थित पोस्ट ऑफिस में शनिवार को बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस कार्य किए जाने के कारण विद्युत आपूर्ति बंद रही, जिससे डाकघर की अधिकांश सेवाएं प्रभावित हो गईं। बिजली नहीं रहने से पैसा जमा, पैसा निकासी, आवेदन, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री सहित अन्य आवश्यक कार्य पूरी तरह ठप रहे। दूर-दराज से अपने जरूरी कार्यों के लिए पहुंचे उपभोक्ताओं को बिना काम कराए ही वापस लौटना पड़ा, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई।

डाकघर के विभागीय अधिकारी ने बताया कि जनरेटर काफी समय से खराब पड़ा हुआ है, वहीं जनरेटर कई सालों से खराब पोस्ट ऑफिस के सामने पड़ा हुआ है साथ ही बैटरी भी अनुपयोगी हो चुकी है। वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण बिजली बंद होते ही पूरा सिस्टम ठप हो जाता है और कार्य पूरी तरह रुक जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस समस्या की जानकारी कई बार उच्च अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बीते दो-तीन महीनों से इस स्थिति के कारण लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिक रोशन साहू, गोलू मंडावी, योगेश साहू, दशरथ मांडवी, रामलाल यादव, बलराम सोरी एवं सत्यप्रकाश ने बताया कि बार-बार बिजली लाइन बंद होने से उन्हें गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने मांग की है कि डाकघर में शीघ्र जनरेटर एवं बैटरी की मरम्मत कर वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को बार-बार परेशानी न उठानी पड़े।

---

# वीरेन्द्र कृषि उत्पाद बाजार प्रकल्प के प्रदेश सहसंयोजक नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



भाजपा किसान मोर्चा छग प्रदेश नेतृत्व ने संगठन को सशक्त करने की दिशा में बेलौदी निवासी जनपद अध्यक्ष वरिष्ठ नेता वीरेन्द्र साहू को कृषि उत्पाद बाजार प्रकल्प का प्रदेश सह संयोजक नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि वीरेन्द्र साहू ने भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धमतरी के रूप में लगातार तीन सफल कार्यकाल पूर्ण किए हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को संगठन एवं शासन तक मजबूती से पहुंचाने, किसान हितैषी योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा संगठन विस्तार में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है। इस नियुक्ति से प्रदेश में कृषि उत्पादों के बेहतर विपणन, किसानों को उचित मूल्य दिलाने तथा कृषि आधारित नवाचारों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। श्री साहू ने इस दायित्व के लिए प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ किसानों के हित में कार्य करेंगे और संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

उनकी नियुक्ति पर कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, धमतरी के पूर्व विधायक रंजना साहू समेत भाजपा मंडल मेघा, मगरलोड व भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं किसानों ने हर्ष व्यक्त किया है।

---

# कल की चिंता करने वाला मूर्ख है, जीवन को अच्छे कर्मों से सार्थक बनाइएं : गिरि बापू

- श्री शिव महापुराण कथा के छठवें दिवस उमड़ा श्रद्धा का सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी





देऊरपारा सिहावा स्थित कर्णेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक गिरि बापू ने श्री शिव महापुराण कथा के छठवें दिवस अपने प्रवचन में कहा कि जो व्यक्ति केवल कल की चिंता करता है, वह मूर्ख है। जीवन मिला है तो उसे अच्छे कर्मों और समाज के लिए उपयोगी कार्यों के साथ जीकर जाना चाहिए, ताकि मोहल्ले और समाज के लोग हमें याद रखें। उन्होंने कहा कि महादेव की सच्चे मन से पूजा करने से समस्त देवताओं की आराधना का फल प्राप्त होता है, क्योंकि शिव ही आदि, जीव और अंत हैं।

कथावाचक ने कलियुग के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस युग में कर्म के अनुसार तुरंत फल प्राप्त होता है। उन्होंने भगवान शिव और माता लक्ष्मी के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि माता लक्ष्मी ने भगवान शिव से स्थिर भक्ति का वरदान मांगा था, क्योंकि स्थिर भक्ति से ही जीवन में सुख-समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि दूसरों के साथ कभी कपट नहीं करना चाहिए। युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि दुनिया को जीतना है तो सुबह की नींद का त्याग करना होगा। इतिहास साक्षी है कि जिसने भी संसार में श्रेष्ठता प्राप्त की, उसने 18 से 20 घंटे तक परिश्रम किया।

कथा सुनने पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, प्रदेश महिला मोर्चा सह प्रभारी प्रेमलता नागवंशी, रवि दुबे, मोहन नाहटा, विकल गुप्ता, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, कमल डागा, प्रीतिमा देवगन, उमाशंकर नागवंशी, सरपंच नरसिंग मरकाम, नागेंद्र बोर्झा राजेश तिवारी, राजेश गोसाई, गोकुल देवांगन उपस्थित थे।

---

# शिक्षकों व सहपाठियों से मिलकर वर्षों पुरानी यादें ताजा की





- पचपेड़ी स्कूल में शिक्षक छात्र सम्मेलन हुआ, 1991 से 2025 तक के पूर्व छात्र हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

शिक्षक छात्र सम्मेलन का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पचपेड़ी में किया गया। इस आयोजन में शिक्षण सत्र 1991 से 2025 तक के पूर्व छात्र शामिल हुए। पूर्व छात्र अपने शिक्षकों से मिलकर गदगद हुए। सभी ने एक दूसरे का हालचाल जाना और अपने पुराने सहपाठियों से मिलकर छात्र जीवन की यादें ताजा की।

उल्लेखनीय है कि गुरु शिष्य परंपरा भारत भूमि की अनोखी परंपरा रही है। यहां गुरुओं का स्थान सर्वदा ईश्वर से उच्च ही रहा है। गुरु वशिष्ठ से लेकर विश्वामित्र तक की महिमा धार्मिक ग्रंथों में विद्यमान है। इसी गुरु परंपरा को निभाने 1991 से 2024 तक सेवा दिए शिक्षकों एवं पास आउट हुए पूर्व विद्यार्थियों को एक फिर एक मंच पर आमंत्रित कर शिक्षक छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य एचएस साहू, सीएच साहू, पीआर साहू, आरसी पटेल, बीआर कोसरिया, एसपी साव, शिक्षिका एन. सहारे, पी. साहू सहित पूर्व शिक्षक उपस्थित थे।

इस दौरान पूर्व प्राचार्य एचएस साहू ने कहा कि जब उन्होंने इस स्कूल में प्राचार्य का कार्यभार संभाला तब सुविधाओं का अभाव था, शिक्षकों की कमी थी। अल्प सुविधाओं में स्कूल संचालित कारण बड़ी चुनौती थी। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में संस्था को शाला विकास समिति का भरपूर सहयोग मिला। आज इस स्कूल से पढ़कर कई छात्र डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, पुलिस जैसे पदों पर कार्यरत है।

मौके पर प्राचार्य विनोद ठाकुर, व्याख्याता चंद्रहास साहू, मिथिलेश साहू, एसके निषाद, रविंद्र कोसरे, कमलेश दीवान, हेमेंद्र मेश्राम सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

---

# नेपाल में नरेंद्र ने लहराया परचम महाविद्यालय परिवार ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पूर्व छात्र नरेन्द्र नवरंगे ने अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता नेपाल में कुरूद नगर एवं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है।

अंतरराष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 6 जनवरी तक नेपाल में हुआ। उत्कृष्ट खेल के आधार पर भारतीय टीम में नरेन्द्र का चयन किया गया था। भारतीय टीम ने नेपाल को 3-0 से हराकर मेडल पर कब्जा किया। इन तीनों मैचों में नरेन्द्र ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर भारतीय टीम को खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुरूद नगर एवं महाविद्यालय आगमन पर खिलाड़ी नरेन्द्र नवरंगे का पुष्प गुच्छ, मेडल एवं गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। वर्तमान में नरेन्द्र क्रीड़ा शिक्षक के रूप में शासकीय हाईस्कूल बलरामपुर में कार्यरत हैं।

इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. एके मिश्रा, प्राध्यापक डॉ. आरके पाण्डेय, प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी अमित टण्डन, अतिथि क्रीड़ा अधिकारी जानकी साहू, क्रीड़ा समिति के सदस्य हरिराम साहू, चित्रमणी श्रीमाली, रेणु पाटले, लीना दिली, प्राध्यापक एम.एस. साहू, डॉ. सरस्वती घृतलहरे, डॉ. ओमजी गुप्ता, डॉ. हितनारायण टण्डन, डॉ. फिरोज सोनवानी, राकेश सोनकर, शीबा बंजारी समेत महाविद्यालयीन परिवार ने हर्ष जताया है।

---

# भाजपाइयों ने की त्रिमूर्ति मंदिर में महाआरती

- चिटौद में भगवान सोमनाथ मंदिर की 1000वीं वर्षगांठ मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)



भगवान सोमनाथ मंदिर की 1000वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर भाजपा मंडल पुरूर ने 10 जनवरी शनिवार को ग्राम चिटौद में त्रिमूर्ति मंदिर पर स्थापित भगवान भोलनाथ की पूजा-अर्चना कर महाआरती की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक प्रीतम साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडे ने कहा कि गुजरात का सोमनाथ मंदिर हमारी ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है। भगवान सोमनाथ मंदिर की 1000 वीं वर्षगांठ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर पूरे देश में भगवान सोमनाथ की पूजा - अर्चना की गई। इस मंदिर पर हुए बार-बार हमले के बावजूद भगवान सोमनाथ की अटूट आस्था, सनातन धर्म की शक्ति और भारतीय स्वाभिमान का प्रतीक है।

मौके पर महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू, संजय साहू, हेमंत साहू, सरपंच तीरथ यादव, सुरेन्द्र तिवारी, शैलेन्द्र शोरी, लोकेश साहू, विदेशीराम साहू, गोकुलराम साहू, लोकनाथ पटेल, देवलाल साहू, दीनदयाल सेन, राजेन्द्र सिन्हा, गोपी सेन, रूपराम साहू, समारूराम साहू, कुमारी साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

# कबीर साहेब ने बाह्य आडम्बर का किया विरोध





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

ग्राम सेमरा (डी) में आयोजित कबीर सत्संग समारोह के दूसरे दिन अयोध्या धाम के श्री कबीर मंदिर से पधारे संत परीक्षा साहेब ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब ने अंधविश्वास, भ्रम, मानंदी, पाखंड एवं बाह्य आडम्बर को ध्वस्त करके मानवतावादी विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम किया। परावलंबन को त्याग कर स्वावलंबी बनने के लिए मानव समाज को प्रेरित किया। दया, क्षमा, सत्य, शील, विवेक, विचार गुरु भक्ति धारण कर मनुष्य अपना जीवन सुधार कर कल्याण का भागी हो सकता है। उन्होंने संत प्रवर गुरुदेव अभिलाष साहेब की रचित कविता सुनाई। यह सत्संग कार्यक्रम साध्वी सीमा साहेब की प्रेरणा एवं सत्संगजनों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में संत सरल साहेब, घनश्याम साहेब, पंचम साहेब गोरखपुर, शोधकर साहेब, पंकज साहेब, ब्रह्म देव साहेब, संतोष साहेब, रामशरण साहेब, साध्वी सीमा साहेब सहित अनेक आश्रमों के संत पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ बीजक मूल के पाठ से हुआ। कार्यक्रम का संचालन संत हरि साहेब ने किया। आभार व्यक्त साध्वी सीमा साहेब ने किया।

---

मगरलोड में बारना राज की हुई कार्यकारिणी बैठक

# बच्चों को उच्च शिक्षा देने के साथ संस्कारवान भी बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड



कोसरिया मरार पटेल समाज बारना राज की राजकीय कार्यकारिणी बैठक मगरलोड में हुई। शुभारम्भ सभापति पुनीतराम पटेल व उपसभापति मुरहाराम पटेल ने भगवान रामचंद्र व आराध्य देवी मां शाकम्भरी की पूजा-अर्चना कर किया।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व राजिम राज अध्यक्ष तेजराम पटेल ने पटेल समाज के इतिहास व समाज गौरव सावित्रीबाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह शिक्षा की प्रतिमूर्ति थी और शिक्षा एक ऐसा बहुमूल्य अस्त्र-शस्त्र है जिसके माध्यम से सर्वसमाज का सर्वांगीण विकास संभव हैं । उन्होंने समाजजनों से कहा कि बच्चों को उच्च शिक्षा के साथ साथ संस्कारवान बनाने की दिशा में प्रयास करना होगा तभी हमारा समाज संगठित होकर विकसित होगा। प्रदेश महामंत्री व बगौदराज अध्यक्ष सियाराम पटेल ने कहा कि नशे से मुक्त होकर सामाजिक व धार्मिक क्षेत्र के साथ व्यावसायिक कार्यों में लगकर आत्मनिर्भर बने तभी समाज का सर्वांगीण विकास होगा। नांदगांव राज अध्यक्ष तुकाराम पटेल व सचिव सुंदरलाल पटेल ने कहा कि हम केवल रोटी-बेटी संबंध एवं प्रकरण निपटारा तक सीमित न रहें बल्कि एकता और सहयोग के बल पर रचनात्मक कार्यों की दिशा में अग्रसर रहें तभी समाज में नवाचार संभव होगा। समाज का हर व्यक्ति शिक्षित व जागरूक होकर अपने अधिकारों व कर्तव्यों को समझे तभी समाज में सुधार संभव है।

बारना राज अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने कहा कि समाज की आपसी एकता, संगठन सुदृढ़ीकरण व सामाजिक विकास पर हमें अपनी सनातन सभ्यता संस्कृति का अनुसरण करते हुए सामाजिक गतिविधियों को सम्पन्न करना होगा। शाकम्भरी जयंती नहीं बल्कि शाकम्भरी महोत्सव कहना होगा क्योंकि मां शाकम्भरी साक्षात देवी की अवतार हैं न कि कोई व्यक्ति विशेष। कार्यक्रम का संचालन राजसचिव श्यामाचरण पटेल ने किया।

मौके पर पर नांदगंव राज कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश पटेल, बगौदराज उपाध्यक्ष वासुदेव पटेल, सचिव अर्जुन पटेल, कोषाध्यक्ष विमलप्रकाश पटेल, बारनाराज उपाध्यक्ष तुलसी पटेल, कोषाध्यक्ष हरिलाल पटेल, सलाहकार किशन पटेल, मदन पटेल, नगर मगरलोड अध्यक्ष तुलसी पटेल, सचिव कोमू पटेल, कोषाध्यक्ष योगेश्वर पटेल, गिरधारी पटेल सहित सैकड़ों स्वजन उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम पटेल ने दी।

---

# भूमि का भार हरण करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं : आलोक

- कथावाचक पंडित आलोक किशोर तिवारी ने कपिल मुनि, समुद्र मंथन की कथा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)







भखारा में बनपेला परिवार द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कथाव्यास पंडित आलोक किशोर तिवारी ने कपिल मुनि, समुद्र मंथन, चंद्र वंश, सूर्य वंश, भगवान श्रीराम तथा भगवान श्री कृष्ण के चरित्रों का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब - जब पृथ्वी पर पाप का भार बढ़ जाता है, तब- तब उन पापों का नाश करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं। इसलिए पाप कर्मों का परित्याग कर सत्कर्म करना चाहिए। सत्य, अहिंसा एवं प्रेम के मार्ग पर चलकर मानव जीवन को सफल एवं सार्थक बनाना चाहिए। कथाव्यास पं आलोक किशोर के साथ पंडित संदीप दुबे, पं.मुरलीकृष्ण शास्त्री तथा संगीत पक्ष में युगल निर्मलकर, मोन्टू साहू तथा महेश निर्मलकर भी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। कथा सुनने डोमा, जुनवानी, खम्हरिया, अंगारा ,गुजरा, कोसमर्रा, रींवागहन से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इस आयोजन में श्रीमती प्रकाशवती, ज्ञानसागर, वर्षा बनपेला, विनीता, भाविका, वैष्णवी, हेमलाल, हरीराम, टिकेश, गुंजन बनपेला सरपंच, पोखराज, नरेन्द्र कुमार, विनोद, संदीप, दिलीप, नूतन जुटे हैं।

## अंचल की खबरें

### आज सोरिद बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन



**धमतरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर 11 जनवरी रविवार को दुर्गा मंदिर प्रांगण जोधापुर सोरिद में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 11 बजे कलश यात्रा से होगी, जबकि मंचीय कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। मुख्य अतिथि स्वामी परमात्मानंद गिरि महाराज रहेंगे। मुख्य वक्ता सुबोध राठी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

### अछोटी में सत्संग समारोह का समापन आज



**सिर्री।** ग्राम पंचायत अछोटी में कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से सत्संग समारोह का आयोजन 9 से 11 जनवरी तक किया गया है। प्रथम दिवस दीप प्रज्वलित कर सत्संग समारोह का शुभारंभ किया गया। प्रवचन का समय सुबह 10 से 2 बजे तक और दोपहर 3 से 5 बजे तक है। समापन दिवस पर सुबह 10 से 1 बजे तक सत्संग होगा। प्रवचनकर्ता रमाशंकर साहेब बिहार व अनिल, साहेब, संकरी कोरासी हैं। इस आयोजन में रजऊराम साहू, नारायण साहू, पोखन, राजकुमार, पुरानिक साहू, महेश साहू, विक्रम साहू, पुसऊराम, पूरण घृतलहरे सरपंच, अजय साहू, संजय साहू जुटे हैं।

### बगरुमनाला में चावल उत्सव मनाया गया



**नगरी।** ग्राम बगरुमनाला स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान में रजत जयंती चावल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को रजत जयंती चावल वितरण की जानकारी दी गई तथा योजना की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। सभी ने शासन की इस महत्वपूर्ण योजना की सराहना करते हुए आम जनता के लिए लाभकारी बताया। उत्सव का उद्देश्य गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को खाद्य सुरक्षा प्रदान करना तथा शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना था।

### यातायात पुलिस एवं लीनेस क्लब ने जागरूकता कार्यक्रम चलाया



**धमतरी।** पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में चल रहे सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अंतर्गत यातायात पुलिस एवं ऑल इंडिया लीनेस क्लब के सदस्यों ने पांपलेट एवं फूल प्रदान कर सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति रत्नाबांधा चौक में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। मौके पर क्लब की संरक्षक श्रीमती प्रभा श्रीवास्तव, अध्यक्ष जानकी गुप्ता, शिल्पी महावर, अंकिता मिश्रा, वरिष्ठ समाजसेवी साहिर हुसैन, प्रिया पंजवानी, अनीता कुकरेजा उपस्थित रहे। नवपदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र पांडेय का स्वागत पौधा भेंटकर किया गया। समाजसेवियों ने स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का भरोसा दिलाया जिससे पुलिस और आम नागरिकों के बीच विश्वास और सहयोग की भावना मजबूत हो सके। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र पांडेय ने आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या आने पर हमें करें।

### कलेक्टोरेट में वाहन चालक कक्ष आवंटन की मांग

**धमतरी।** छग शासकीय, अर्धशासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिकी कर्मचारी संघ ने कलेक्टोरेट परिसर में वाहन चालक कक्ष आवंटित करने की मांग कलेक्टर से की है।



संघ के जिलाध्यक्ष अजेश नागवंशी ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि छग शासकीय वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ जिला शाखा धमतरी ने बैठक कर वाहन चालक संघ को अवगत कराया है कि धमतरी कलेक्टोरेट में वाहन चालकों के लिए बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है जबकि प्रदेश के सभी कलेक्टोरेट में वाहन चालकों के बैठने के लिए वाहन चालक कक्ष आवंटित है। संघ ने ज्ञापन में कहा है कि प्रत्येक मंगलवार को कलेक्टोरेट में टीएल की बैठक होती है जिसमें जिले भर के सभी अधिकारी सम्मिलित होते हैं। वाहन चालकों के बैठने की व्यवस्था नहीं होने से इधर-उधर जगह ढूंढकर बैठने से अधिकारी नाराज रहते हैं। जरूरत के समय चालक अन्यत्र रहते है। वहीं गर्मी, सर्दी, बारिश में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। संघ ने यथाशीघ्र वाहन चालकों के लिए बैठने कक्ष का आवंटन करने तथा 10 तारीख तक वेतन भुगतान कराने की मांग की है।

### डांडेसरा में चावल उत्सव मनाया गया

**डांडेसरा(धमतरी)।** छत्तीसगढ़ रजत जयंती के अवसर पर जिले सहित पूरे प्रदेश में उचित मूल्य की दुकानों में 2 से 9 जनवरी तक चावल उत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को ग्राम डांडेसरा सहित भालुझूलन, कन्हारपुरी, भुसरेंगा, सेमरा डी एवं सेनचुवा के शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में चावल उत्सव का आयोजन किया गया। हितग्राहियों को जनवरी माह का चावल, शक्कर व नमक वितरण किया गया तथा ई-केवाईसी भी पूर्ण की गई। इस अवसर पर डांडेसरा सरपंच खुमेश्वरी साहू, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकार, वार्ड पंच देवकी जांगड़े, आसीन दीवान, कमलेश्वरी साहू, संजय जोशी, टिकेश्वर साहू, शोभित साहू, रामप्रसाद कंवर, इतवारी साहू, बंशी नागे, भगवान कंवर, बजंती साहू, चंद्रकांता कंवर उपस्थित थे।

---

### मनरेगा बचाव संग्राम को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र तिवारी ने ली पत्रकारवार्ता

# मोदी सरकार ने किया मनरेगा की मूल आत्मा को खत्म, मजदूरों से छीना काम : राजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून में किए गए बदलाव के विरोध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रस्तावित मनरेगा बचाव संग्राम के तहत आयोजित चरणबद्ध आंदोलन और अन्य विषयों को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र तिवारी ने मुख्य वक्ता के रूप में पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को खत्म कर देश के करोड़ों श्रमिकों से उनका संवैधानिक काम का अधिकार छीन लिया है।

श्री तिवारी ने कहा कि मनरेगा कानून में किया गया परिवर्तन पूरी तरह श्रमिक-विरोधी कदम है और यह महात्मा गांधी के आदर्शों पर सीधा कुठाराघात है। सुधार के नाम पर लोकसभा में एक और बिल पास कर दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना को समाप्त करने की साजिश रची गई है। यह गरीब भारतीयों से काम का अधिकार छीनने की जानबूझकर की गई कोशिश है।

उन्होंने बताया कि अब तक मनरेगा संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत अधिकार आधारित गारंटी थी, लेकिन नया फ्रेमवर्क इसे केंद्र-नियंत्रित, सशर्त योजना में बदल देता है। गांधी जी के ग्राम स्वराज, काम की गरिमा और विकेंद्रीकृत विकास के सपने को साकार करने वाली यह योजना अब सरकार की मर्जी पर निर्भर कर दी गई है। राजेंद्र तिवारी ने कहा कि मनरेगा करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए जीवनरेखा रही है और कोविड-19 जैसे संकट में आर्थिक सुरक्षा का बड़ा सहारा बनी। पहले मजदूर अधिकारपूर्वक काम मांग सकते थे, लेकिन अब योजना को इस तरह बदला गया है कि सरकार चाहे तो काम दे, चाहे तो न दे। नया सिस्टम हर साल तय समय पर जबरन रोजगार रोकने की अनुमति देता है, जिससे गरीबों की रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा केंद्रीय कानून था, जिसमें 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देती थी, लेकिन अब केंद्र-राज्य हिस्सेदारी 60:40 कर दी गई है। पहले राज्य को 50 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी, तभी केंद्र फंड जारी करेगा। राज्यों की कमजोर वित्तीय स्थिति के कारण आने वाले समय में यह योजना धीरे-धीरे बंद होने की कगार पर पहुंच जाएगी। केंद्र सरकार लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का बोझ राज्यों पर डालना चाहती है।

छत्तीसगढ़ का जिक्र करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य के 70 प्रतिशत गांवों में अघोषित रूप से मनरेगा का काम नहीं दिया जा रहा है। पिछले 11 वर्षों में राष्ट्रीय औसत केवल 38 दिन का रहा, यानी किसी भी साल 100 दिन का रोजगार नहीं मिला। 125 दिन मजदूरी की बात केवल छलावा है।

उन्होंने भाजपा पर भगवान राम के नाम पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि वीबी जी राम जी में भगवान राम नहीं, बल्कि यह एक फूल फार्म योजना है। प्रेसवार्ता में सिहावा विधायक अम्बिका मरकाम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, पूर्व विधायक गुरूमुख सिंह होरा, लेखराम साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, नीलम चंद्राकर, मोहन लालवानी, पंकज महावर, आनंद पवार, गोपाल शर्मा, दीपक सोनकर, योगेश शर्मा, कविता बाबर, मदन मोहन खंडेलवाल, अरविंद दोशी, विजय प्रकाश जैन सहित कई कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

## पोटियाडीह में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह 16 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

ग्राम पोटियाडीह के बाजार चौक में ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 16 से 24 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक बालयोगी विष्णु अरोड़ा रतलाम मप्र होंगे। परायणकर्ता पं. देवेंद्र त्रिपाठी मराठापारा धमतरी होंगे। 16 जनवरी को कलश स्थापना, वेदी पूजा गौकर्ण कथा, 17 जनवरी को कथा प्रारंभ, सुकदेव प्राकट्य, वराह कथा, 18 जनवरी को कपिल एवं ध्रुव चरित्र, 19 जनवरी को अजामिल व्याख्यान, प्रहलाद चरित्र ,गजेंद्र मोक्ष, 20 जनवरी को समुद्र मंथन, वामन अवतार राम व कृष्ण जन्म उत्सव, 21 जनवरी को बाललीला, रासलीला गोवर्धन पूजा, 22 जनवरी को कंस वध, रूक्मणि विवाह, 23 जनवरी को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, 24 जनवरी को गीता पाठ, हवन, पूर्णाहुति के साथ सुबह 11 बजे से महाप्रसादी वितरण किया जाएगा।

## भोथली से मेंडरका मार्ग के लिए 565 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

विधायक अजय चंद्राकर के सतत प्रयास से कुरूद विस अंतर्गत ग्राम



भोथली से मेंडरका मार्ग (लंबाई 3 किमी) में पुल-पुलिया सहित सड़क निर्माण हेतु वर्ष 2024-25 के बजट में 5 करोड़ 64 लाख 51 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस मार्ग के निर्माण से क्षेत्र के रहवासियों को दैनिक आवागमन, स्वास्थ्य सेवाओं, व्यापारिक गतिविधियों एवं कृषि कार्यों के लिए सुगम, सुरक्षित और तीव्र परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। यह परियोजना क्षेत्र की विकास यात्रा को नई दिशा और गति प्रदान करेगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने हर्ष जाहिर किया है।

# महासंघ के कर्मचारियों का वर्क टू रूल ड्यूटी विरोध प्रदर्शन जारी

- विद्युत कंपनी प्रबंधन की वादाखिलाफी का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ द्वारा कंपनी में 2004 के बाद नियुक्त अधिकारियों- कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली, संविदा मानदेय में वृद्धि, फ्रिंज बेनिफिट के तहत नियमित पेंशनर अधिकारियों - कर्मचारियों को बिजली बिल में देय छूट को बंद करने और कर्मचारी हितैषी अन्य महत्वपूर्ण मांगों की प्रतिपूर्ति हेतु अनावश्यक लेट लतीफी और वादाखिलाफी के विरोध में 15 दिसंबर को प्रदेश के सभी क्षेत्रीय मुख्यालयों के कार्यपालक निदेशकों मुख्य अभियंता को चेयरमैन के नाम से ज्ञापन देते हुए 31 दिसंबर तक मांग पूरी नहीं होने पर 11 फरवरी से अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल की चेतावनी दी थी। विद्युत प्रबंधन द्वारा उदासीनतापूर्ण रवैया दिखाते हुए अभी तक किसी प्रकार का सकारात्मक आदेश जारी नहीं किया गया है।

छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष हेमेंद्र बंजारे एवं क्षेत्रीय सचिव पीयूष कुमार सिन्हा द्वारा बताया गया कि विद्युत प्रबंधन के इस अड़ियल रवैये और वादाखिलाफी के विरोध में महासंघ के कर्मचारियों द्वारा द्वितीय चरण के तहत 1 जनवरी से 11 जनवरी तक सभी कार्यालयों में वर्क टू रूल के तहत कार्य करते हुए विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। कर्मचारी हितैषी महत्वपूर्ण मांगों पर महासंघ एवं विद्युत प्रबंधन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय बैठकों पर बनी सहमति और लिखित आश्वासन के अनुसार यदि कंपनी प्रबंधन द्वारा शीघ्र आदेश जारी नहीं किया जाता है तो 11 फरवरी से महासंघ अनिश्चितकालीन कामबंद आंदोलन पर जाने बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदारी कंपनी प्रबंधन की होगी।

## राम कथा जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन : प्रमोद शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

ग्राम मड़ेली में तृतीय दिवसीय दिव्य श्रीराम कथा का आयोजन किया गया। प्रमोद शास्त्री राष्ट्रीय संत ने राम कथा के बारे में बताया कि यह केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि हमारे जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है। त्याग, तपस्या सेवा और समर्पण के प्रति रामचंद्र अपने पिता की आज्ञा मानकर वनवास गए। वहां कई लीला की।



सीता हरण होने के बाद हनुमान शक्ति और भक्ति का प्रेरक कर्तव्य का बोध कराया। आज हनुमान चारों युग में है और उसकी पूजा की जाती है क्योंकि एक ऐसे भक्त थे जो अपने जीवन को भगवान श्री राम जी के चरणों में समर्पित कर दिए थे। श्रीराम जी के पास संकट आए तब तक उनकी सहायता की। अहिरावण का वध किया गया और सीता माता का पता लगाया जिसके कारण उन्हें संकट मोचन भी कहते हैं। प्रमोद शास्त्री ने आगे कहा कि हमें हमेशा कर्तव्य निष्ठा रहना चाहिए। कर्तव्यनिष्ठ रहने के कारण ही आज चारों लोक में हनुमान जी की पूजा होती है।

# मुरुम डालकर रोका गया नाले का गंदा पानी

- रुद्री पंचायत का गंदा पानी नाले के माध्यम से नहर में जा रहा था, निगम ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



धमतरी सहित रायपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा और गरियाबंद जिले के लाखों लोगों के लिए पेयजल आपूर्ति का प्रमुख स्त्रोत रुद्री नहर में गंदा पानी मिलने की गंभीर सूचना पर नगर निगम ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई कर नहर को दूषित होने से बचा लिया। ग्राम पंचायत रुद्री का गंदा पानी एक नाले के माध्यम से नहर में मिल रहा था, जिससे पेयजल की गुणवत्ता पर संकट खड़ा हो गया था।

इस संवेदनशील मुद्दे को संज्ञान में लेते हुए नगर निगम के जल विभाग अध्यक्ष अखिलेश सोनकर, एमआईसी सदस्य एवं निगम अधिकारियों ने बिना विलंब मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। तत्पश्चात जेसीबी मशीन की सहायता से मुरुम डालकर नाले के उस रास्ते को पूरी तरह बंद कराया गया, जहां से गंदा पानी नहर में प्रवेश कर रहा था। निगम की इस त्वरित पहल से फिलहाल नहर में गंदे पानी का प्रवाह पूरी तरह रुक गया है।

जल विभाग अध्यक्ष अखिलेश सोनकर ने बताया कि जैसे ही सूचना मिली, अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर प्राथमिक रूप से नाले को बंद करना आवश्यक था, ताकि तत्काल पेयजल संकट को टाला जा सके। उन्होंने कहा कि स्थायी समाधान के लिए संबंधित विभागों से पत्राचार किया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी ग्राम पंचायत रुद्री की ओर से पहल की गई थी। लेकिन नाले की निकासी और स्थायी समाधान पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नाले के माध्यम से लंबे समय से दूषित पानी नहर में मिल रहा था, जिससे लगभग 10 लाख से अधिक आबादी को फिल्टर कर वही पानी आपूर्ति किया जा रहा था। नगर निगम की त्वरित कार्रवाई से एक बड़े स्वास्थ्य संकट को समय रहते टाल दिया गया।

नगर निगम के उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि वर्तमान में नाले का रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया है और नहर में किसी भी प्रकार का गंदा पानी नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि निगम ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए तत्काल कदम उठाया है, अब संबंधित विभाग को चाहिए कि नाले की निकासी हेतु स्थायी और व्यवस्थित समाधान सुनिश्चित करे, जिससे भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो ।

# अजा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष को मिली प्रदेश की जिम्मेदारी

- हरिशंकर बने भाजपा किसान मोर्चा में रसायन एवं उर्वरक बीज प्रकल्प के सह प्रदेश संयोजक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

धमतरी जिला भाजपा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रहते पिछले दस साल में इस वर्ग को पार्टी के करीब लाने में अहम भूमिका निभाने वाले युवा नेता हरिशंकर सोनवानी को भाजपा ने प्रदेश किसान मोर्चा में बड़ी जिम्मेदारी सौंप उनके संगठनात्मक क्षमता पर मुहर लगाई है।

गौरतलब है कि 2015 से लगातार 3 बार धमतरी जिला भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रहे भालूकोना-कुरुद निवासी हरिशंकर सोनवानी को अब की बार संगठन ने भाजपा किसान मोर्चा में रसायन एवं उर्वरक बीज प्रकल्प का सह प्रदेश संयोजक बनाया है। श्री सोनवानी का विद्यार्थी जीवन से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ाव रहा है। 2000 से 2003 दुर्गा कालेज रायपुर में अध्ययन के दौरान संघ धर्म जागरण विभाग से जुड़े होने के चलते उन्हें धर्मसेना प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इस बीच वे कुरुद विधायक अजय के संपर्क में आए और उनके कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा ज्वाइन कर लिया।



अजा वर्ग में उनकी गहरी पैठ को देखते हुए 2007 में उन्हें युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष और फिर 2011 युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। इसके बाद वे लगातार दस वर्षों तक अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रहे। इस बीच उन्होंने अपने समाज के लोगों को कांग्रेस और बसपा जैसे पार्टी के झंडे से दूरकर भगवा के करीब लाने में अहम भूमिका निभाई। जिसके चलते कुरुद विधानसभा में भाजपा का अजा वोट बैंक काफी समृद्ध हुआ है। अपनी इस खासियत के चलते वे विधायक अजय चन्द्राकर के गुडबुक में शामिल हो गये। वर्तमान में हरिशंकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व प्रदेश प्रतिनिधि का दायित्व सम्हाल रहे हैं। उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए प्रदेश संगठन ने उन्हें किसान मोर्चा प्रदेश में नया दायित्व सौंप प्रदेश की राजनीति में सहभागिता करने का सुनहरा मौका दिया है। कुरुद क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता हरिशंकर सोनवानी को रसायन एवं उर्वरक बीज प्रकल्प के सह प्रदेश संयोजक बनाए जाने से किसान वर्ग में उम्मीद जागी है कि उन्हें खाद, बीज, दवा के लिए सोसायटियों में भटकना नहीं पड़ेगा। श्री सोनवानी की प्रदेश स्तर पर हुई ताजपोशी से उनके चाहने वालों में उत्साह का संचार हुआ है।

# सिंधी युवा सम्मेलन आज, संत युधिष्ठिर ने किया ब्रोशर का विमोचन

**धमतरी।** भारतीय सिंधु सभा छत्तीसगढ़ युवा शाखा द्वारा प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय सिंधी युवा सम्मेलन स्थानीय विमतारा भवन में 11 जनवरी को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सिंधी युवा वर्ग और समाज को भाषा, संस्कृति, सभ्यता और इतिहास से जोड़ना है। यह कार्यक्रम तीन चरणों में होगा। प्रथम उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि संत युधिष्ठिर लाल और विशेष अतिथि श्रीचंद सुंदरानी होंगे। द्वितीय चरण में बिलासपुर की भारतीय सिंधु सभा, महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक श्रीमती विनीता भावनानी युवाओं को फोकस करते भाषा, संस्कृति, सभ्यता पर अपने विचार रखेंगी। अंतरराष्ट्रीय ट्रेनर अनूप मुंदड़ा का बिजनेस टेक्निक पर व्याख्यान रहेगा। सीए



चेतन तारवान जीएसटी और टैक्सेशन विषय पर संबोधित करेंगे। अंतिम चरण में बिजनेस टाक शो के तहत ऐसे उद्यमी जिन्होंने अपने जीवन और व्यापार में अनेको विषमताओं के बावजूद सफलता के शिखर पर पहुंचे हैं, उनकी सफलता के विचारों को सुनने हुए उन्हें सम्मानित किया जाएगा जिसे नेशनल ट्रेनर जेसी आंचल पंजवानी संचालित करेंगी। ओपन हाउस में श्रोतागण अपने प्रश्नों और शंकाओं का समाधान प्राप्त करेंगे। प्रोग्राम की तैयारी अंतिम चरण में है। इसके ब्रोशर का विमोचन सं युधिष्ठिर लाल ने किया। कार्यक्रम में भारतीय सिन्धु सभा छत्तीसगढ़ युवा शाखा के प्रदेश अध्यक्ष चेतन हिन्दूजा, महामंत्री विवेक तनवानी, उपाध्यक्ष सुमित रावलानी, मुकेश माखीजा, नरेन्द्र दासवानी, नवीन केशवानी, पंकज गंगवानी, मनीष आसवानी, विशाल रामरख्यानी, रिक्की गनवानी, दौलत वाधवानी समेत युवा कार्यकर्ता जुटे हैं।

# कल 17 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे डिप्टी सीएम साव

- स्वामी विवेकानंद जयंती पर नपा कुरुद की नई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कुरूद नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने 17 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करने विभागीय मंत्री अरूण साव, विधायक अजय चन्द्राकर, सांसद रूपकुमारी चौधरी सहित अन्य अतिथियों को आमंत्रित किया है। इसके लिए नगर में व्यापक तैयारी की जा रही है।




विधायक अजय चन्द्राकर के गृह नगर की नगर पालिका कुरूद में नगर के हृदय स्थल केनाल रोड में बने लगभग 1 करोड़ की लागत से स्वामी विवेकानंद मंगल भवन सहित स्वामी जी की प्रतिमा का लोकार्पण अतिथियों के करकमलों से होगा। इसके अलावा इसी परिसर से नगरपालिका का शुभारंभ एवं नगर के विभिन्न जगहों में 10 करोड़ की लागत से हो रहे विकास कार्यों का शिलान्यास और 7। करोड़ से अधिक से बन चुके कामों का लोकार्पण उपमुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री अरूण साव, विधायक अजय चन्द्राकर, सांसद रूपकुमारी चौधरी, नपा अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर, पूर्व नपं अध्यक्ष निरंजन सिन्हा, रविकांत चन्द्राकर, गणमान्य नागरिक एलपी. गोस्वामी, कृष्णकांत साहू, नपा उपाध्यक्ष देवव्रत साहू सभी पार्षदों के आतिथ्य में होने जा रहा है। विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर ने बताया कि 12 जनवरी को सुबह 11 बजे केनाल रोड के स्वामी विवेकानंद मंगल भवन परिसर में कुरुद के इतिहास में एक और स्वर्णिम पन्ना दर्ज होगा। इसके लिए पिछले कई दिनों से नगर पालिका एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी कर्मचारी तैयारियों में जुटे हैं।

**खबर संक्षेप**

### बंजारी में मड़ई व भूमिपूजन कल

**अंवरी।** ग्राम बंजारी में ग्रामवासियों के सहयोग से 12 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच दिलीप मिर्झा एवं टीम सुपेला भिलाई की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी देते हुए तुलाराम पाल ने बताया कि इस अवसर पर गुरु घासीदास मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जायेगा। मुख्य अतिथि शिवकुमार डहरिया पूर्व कैबिनेट मंत्री छग शासन होंगे। अध्यक्षता तारिणी चन्द्राकर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी धमतरी, नीलम चन्द्राकर जिपं सदस्य धमतरी करेंगे। विशेष अतिथि मनोज बंजारे, लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरुद, भरत नाहर, देवव्रत साहू, डा. राजू साहू, त्रिलोकचंद जैन, रुमानसिंह कुर्रे, जितेंद्र नारंग, सरपंच त्रिवेणी पाल होंगे।

### भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में राजेश शामिल

**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए धमतरी के युवा नेता राजेश साहू को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों में हर्ष है। प्रदेश स्तर पर मिली इस जिम्मेदारी को लेकर राजेश साहू ने कहा कि वे किसान हित की आवाज को मजबूती से संगठन और सरकार तक पहुंचाने का कार्य पूरी निष्ठा और समर्पण से करेंगे। उन्होंने इस दायित्व के लिए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महापौर रामू रोहरा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर, जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस, महावीर चोपड़ा, हेमराज सोनी एवं सभी शीर्ष नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



### जेपरा स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**चारामा।** जेपरा हिंदी माध्यम स्कूल के छात्रों ने चारामा नगर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का औद्योगिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य छात्रों को खुदरा मार्केटिंग कि बारीकियों, बाजार के संचालन तथा उपभोक्ता व्यवहार की समझ से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षक बलराम टंडन ने छात्रों को खुदरा व्यापार, विपणन रणनीतियों, मूल्य निर्धारण तथा ग्राहकों की जरूरतों को समझने के महत्वपूर्ण गुर सिखाए।

### सर्व आदिवासी समाज की बैठक आज होगी

**जगदलपुर।** सर्व आदिवासी समाज का संभाग स्तरीय बैठक 11 जनवरी को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। यह बैठक कोया कुटमा भवन, परपा जगदलपुर में संपन्न होगी। सभी सात जिलों बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, कांकेर एवं कोंडागांव के जिला समाज प्रमुख, पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में संगठनात्मक मजबूती, सामाजिक एकता, आदिवासी समाज से जुड़े समसामयिक मुद्दों, अधिकारों की रक्षा, शिक्षा आदि विषयों पर चर्चा होगी।

घटती संख्या से महिला समूह को हो रहा नुकसान

# पचास रुपए में ठहरना और भोजन फिर भी रैनबसेरा में सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में रात्रि विश्राम के लिए सस्ती, सुरक्षित और सुव्यवस्थित सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा नये बस स्टैंड परिसर में शुरू किया गया रैन बसेरा आज बेहतर सुविधाओं के बावजूद घटती उपयोगकर्ता संख्या से जूझ रहा है। हालात यह हैं कि ठहरने और भोजन दोनों की सुविधा बेहद कम दर पर उपलब्ध होने के बावजूद यहां लोगों की संख्या लगातार घट रही है, जिससे इसका संचालन कर रहा महिला समूह आर्थिक नुकसान झेलने को मजबूर है।

रैनबसेरा की शुरुआत 27 फरवरी 2017 को की गई थी। अब इसे लगभग 9 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। शुरुआत में यहां ठहरने का शुल्क प्रति व्यक्ति 20 रुपये निर्धारित था,



जिसे बाद में बढ़ाकर 30 रुपये किया गया। वहीं 1 जनवरी 2026 से शुल्क बढ़ाकर 50 रुपये कर दिया गया है। इसके एवज में ठहरने वालों को सिंगल बेड, शौचालय-बाथरूम, कूलर, नियमित सफाई और सुरक्षित माहौल की सुविधा दी जा रही है। महिलाओं के लिए अलग ठहरने की व्यवस्था भी उपलब्ध है।

रैनबसेरा का संचालन मां सावित्री बाई फुले एरिया लेवल फेडरेशन द्वारा किया जा रहा है। समूह की अध्यक्ष सुभद्रा टंडन, सचिव आशा बंजारे, सदस्य साजना लहरे, गौरी खिलाड़ी और संतोषी बंजारे ने बताया कि रैन बसेरा में 24 घंटे महिलाओं की ड्यूटी रहती है और यहां 7 से 8 महिलाएं कार्यरत हैं। इसके बावजूद ठहरने वालों की संख्या कम रहने से समूह को अपेक्षित आमदनी नहीं हो पा रही है।

आंकड़ों के अनुसार दिसंबर 2025 में कुल 544 लोग रैन बसेरा में ठहरे थे, जबकि जनवरी 2026 के शुरुआती 6 दिनों में मात्र 116 लोग ही यहां पहुंचे। ठंड के मौसम में संख्या कुछ बढ़ जाती है, लेकिन सामान्य दिनों में औसतन 8 से 10 लोग ही प्रतिदिन रैन बसेरा में रुकते हैं। यहां केवल ठहरने की ही नहीं, बल्कि 50 रुपये में भरपेट भोजन की भी सुविधा है। भोजन में तीन रोटी, चावल, दाल, सब्जी, आचार, पापड़ और सलाद दिया जाता है। इसके बावजूद कैंटीन में खाने वालों की संख्या बेहद कम है। समूह का कहना है कि रैन बसेरा अंदर होने के कारण बाहर से आने वाले लोग कैंटीन तक नहीं पहुंच पाते। इसी वजह से निगम से बाहर कैंटीन संचालन के लिए जगह देने की मांग की जा रही है।

रैनबसेरा में कुल 30 बेड की व्यवस्था है, लेकिन पुरुष और महिलाओं के लिए अलग-अलग ठहरने की व्यवस्था होने से कई दंपति यहां रुकना पसंद नहीं करते। ठहरने वाले अधिकांश लोग व्यवस्था और सफाई पर संतोष जताते हैं, लेकिन सामान रखने के लिए लॉकर सुविधा की कमी को बड़ी समस्या बताते हैं।

समूह की महिलाओं का कहना है कि नगर निगम की ओर से किसी प्रकार का आर्थिक सहयोग नहीं मिलता और मेंटेनेंस का पूरा खर्च उन्हें स्वयं उठाना पड़ता है। हाल ही में करीब 20 हजार रुपये खर्च कर लोहे का मजबूत दरवाजा लगवाना पड़ा। ऐसे में उन्होंने निगम से रैन बसेरा के प्रचार-प्रसार और आर्थिक सहयोग की मांग की है, ताकि यह जनहित की सुविधा प्रभावी ढंग से संचालित हो सके।

## शिक्षा, समझाइश और सख्त कार्रवाई



- सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस चला रही जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस लगातार पहल करते हुए शिक्षा, समझाइश के साथ-साथ नियमों के उल्लंघन करने वाले पर सख्त कार्रवाई कर रही है।

पुलिस जिले में यातायात नियमों के प्रति आम नागरिकों को जागरूक करने के साथ-साथ समझाइश भी दे रही है। इसी क्रम में कलारतराई स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सड़क दुर्घटनाओं से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों से अपील की गई कि स्वयं नियमों का पालन करें व अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। इसके अतिरिक्त केरेगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ग्राम बनरौद के पास



वाहन चालकों का सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान अल्कोहल मीटर से शराब सेवन कर वाहन चलाने वालों की जांच की गई। यातायात पुलिस ने बीते दो से तीन दिनों के भीतर शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 14 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। अभियान का उद्देश्य केवल दंडात्मक नहीं बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर आम नागरिकों में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करनी है।

## लौकिक के साथ पारलौकिक उत्कर्ष की कथा है श्रीमद्भागवत : पं. शर्मा



- मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा में धर्मप्रेमी ने व्यासपीठ से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मिश्रा परिवार शिव चौक द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिवस भगवान कृष्ण के विवाह के साथ ही सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनते हुए व्यासपीठ से पंडित रमेश तिवारी ने कहा कि हम सभी को गौ माता, गीता गंगा तथा धर्म ग्रंथ को अपने जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना है और इससे ही मानव जीवन को मोक्ष मिलेगा। कथा श्रवण करने के लिए शहर के धर्म प्रेमी एवं समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा भी पहुंचे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आदमी अपने जीवनकाल को सुखी बनाने के लिए इस भागमभाग जीवन में अनेक रास्ते अख्तियार करता है लेकिन सच्चा मार्ग धर्म का है और इसी से लौकिक जीवन के साथ-साथ पारलौकिक जीवन का भी उत्कर्ष होता है। कथा श्रवण के साथ दूसरों को भी ऐसे धार्मिक कार्यों से जोड़कर अपने जीवन को कृतार्थ करें। मौके पर पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा, पाषर्दगण पिंटू यादव, कुलेश सोनी, प्रकाश पाण्डेय समेत आयोजक परिवार से श्रीमती लता मिश्रा, श्रीमती इंदू मिश्रा, श्रीमती शोभा, ओमप्रकाश मिश्रा, रवि कुमार मिश्रा, कविता, आशीष मिश्रा, अनीश मिश्रा, सरिता, सतीश कुमार मिश्रा शामिल रहे।

## भाजपा ने बूथ स्तर पर मनाया सोमनाथ स्वाभिमान पर्व

- कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सोमनाथ मंदिर के इतिहास, पुनर्निर्माण पर विचार साझा किए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिले के सभी बूथों में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व श्रद्धा, उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सोमनाथ मंदिर के इतिहास, उसके पुनर्निर्माण और भारत की सांस्कृतिक अस्मिता पर विचार साझा किए।

जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण भारत की सांस्कृतिक चेतना और आत्मसम्मान का पुनः जागरण है। उन्होंने कहा कि अनेक आक्रमणों के बावजूद सोमनाथ का पुनर्निर्माण यह सिद्ध करता है कि भारत की आत्मा को कोई पराजित नहीं कर सकता। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि इस स्वाभिमान को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपनी सांस्कृतिक विरासत को पुनः गौरव के साथ स्थापित कर रहा है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व उसी श्रृंखला का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो नई पीढ़ी को अपने इतिहास से जोड़ने का कार्य करता है। महापौर जगदीश रामू रोहरा ने कहा कि सोमनाथ मंदिर का इतिहास हमें संघर्ष, धैर्य और आत्मबल का पाठ पढ़ाता है। उन्होंने कहा कि जब समाज अपनी जड़ों से जुड़ा रहता है, तभी राष्ट्र सशक्त बनता है।





प्रीतेश गांधी भाजपा जिला कार्यालय मंत्री ने कहा कि बूथ स्तर पर इस पर्व को मनाने का उद्देश्य आम जनमानस को भारतीय संस्कृति और इतिहास के गौरवशाली अध्यायों से अवगत कराना है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं ने घर-घर संपर्क कर सोमनाथ के महत्व पर चर्चा की। पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व महिलाओं और युवाओं को अपनी संस्कृति पर गर्व करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की रक्षा में महिलाओं की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है और आगे भी रहेगी। यह जानकारी उमेश साहू भाजपा जिला मीडिया प्रभारी ने दी।

## 'आप विशेष और अनमोल हैं' पर बच्चों ने दी प्रेरणादायक प्रस्तुति



- सेंट जेवियर्स स्कूल में ग्रेजुएशन डे और वार्षिक उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में संस्था के चेयरमेन डॉ. पिंटो तथा मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती डॉ. ग्रेस पिंटो के निर्देशन में रंगारंग कार्यक्रम के बीच ग्रेजुएशन डे एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ।

अतिथि डॉ. कल्पना ध्रुव डिप्टी कलेक्टर, श्रीमती प्राची ठाकुर डिप्टी कलेक्टर बालोद, श्रीमती मोनिका मरावी डीएसपी धमतरी, अजय पारेख चार्टर्ड अकाउंटेंट धमतरी, डिकेन्द्र नेताम ऐसीएफ फॉरेस्ट धमतरी, डॉ. विनोद पाठक प्राचार्य पीजी कॉलेज, नीरज तिवारी अध्यक्ष अधिवक्ता संघ धमतरी, मनोज सागर एसडीओ कृषि विभाग, श्रीमती संगीता सिन्हा सीईओ को-ऑपरेटिव सोसाइटी धमतरी, सुखनाथ साय पायकरा सहा. जिला अभियोजन अधिकारी एवं लीलाधर चौधरी बीईओ धमतरी थे।

इस शैक्षणिक वर्ष के ग्रेजुएशन डे की थीम का साहस करो, भवष्यि की ओर बढ़ो थी। आयोजन की संपूर्ण प्रस्तुति इसी थीम पर आधारित थी। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक ड्रामा का मंचन हुआ जिसका नाम था आप विशेष और अनमोल हैं।

इस नाटक के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि हम लोग किसी का मूल्यांकन करने वाले नहीं होते, मूल्यांकन करने का अधिकार ईश्वर को है, जो हमें बनाया है। हम सबमें कुछ न कुछ विशेष गुण हैं इसलिए हम सब विशेष और अनमोल हैं। हमें सदैव अपने कर्तव्य पथ पर चलते रहना चाहिए।

## हाईवा की चपेट में आने से बाइक चालक की मौत

**धमतरी।** अपने रिश्तेदार के घर जा रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार हाइवा ने अपनी चपेट में ले लिया। घटना में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।



मिली जानकारी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरा बी निवासी देव कुमार यादव पिता डोरीलाल शुक्रवार की शाम बाइक क्रमांक सीजी 05 एएन 7398 में सवार होकर गांव से अपने ममेरे भाई के घर ग्राम बानगर जा रहा था। युवक भखारा रोड में थूहा नाला से गुजर रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा क्रमांक सीजी 07 बीके 5388 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को चपेट में ले लिया। युवक बाइक सहित हाइवा के सामने पहिया के नीचे आ गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए कुरूद अस्पताल लाया जा रहा था लेकिन गंभीर चोट के चलते युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर डाक्टर ने चेकअप के बाद घायल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कस्कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने हाइवा को जप्त कर आगे की कार्रवाई की है।

### जीवनदान महाकुंभ रक्तदान शिविर आज

**धमतरी।** जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेन्द्राचार्च महाराज की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में जीवनदान महाकुंभ रक्तदान शिविर का आयोजन 4 से 18 जनवरी तक सम्पूर्ण भारतवर्ष में किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 जनवरी को प्रातः 9 बजे से जिला अस्पताल परिसर धमतरी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह जीवनदान महाकुंभ प्रति वर्ष आयोजित होता है। जनवरी 2025 में देशभर में रिकॉर्ड 1 लाख 36 हजार यूनिट रक्तदान किया गया था।



## आधार आधारित उपस्थिति से मैदानी स्वास्थ्य कर्मियों को मुक्त करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला शाखा धमतरी द्वारा अजय चन्द्राकर विधायक कुरूद को आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली से मैदानी स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारियों को मुक्त किए जाने के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा गया।

संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारी 24×7 लक्ष्य आधारित एवं फील्ड में कार्य करते हैं। उनका कार्य कार्यालयीन समय से बंधा हुआ नहीं होता, बल्कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, महामारी नियंत्रण, आपातकालीन सेवाएं, प्रसव एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में निरंतर फील्ड में रहकर सेवाएं देना होता है।

ऐसी स्थिति में मैदानी स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्यालयीन कर्मचारियों की भांति आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली लागू करना व्यवहारिक नहीं है। इससे फील्ड कार्य प्रभावित होने के साथ-साथ जनस्वास्थ्य सेवाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

संघ ने मांग की है कि मैदानी स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारियों को आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली से मुक्त किया जाए। उनके कार्य का मूल्यांकन लक्ष्य एवं कार्य निष्पादन के आधार पर किया जाए।

विधायक ने संघ की बातों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संघ के जिला अध्यक्ष संजय नारंग, उप प्रांताध्यक्ष एस के टण्डन, प्रांतीय सचिव मुकेश कुमार साहू एवं मनोज वाधवानी, नेत्र सहायक अधिकारी प्रकोष्ठ उप प्रांताध्यक्ष क्षितिज साहू, गिरीश साहू ओमप्रकाश निर्मलकर, डीपी साहू, एनके कश्यप ,ईश्वर साहू के साथ पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीपीएल-7 में अरौद का दबदबा दोनर को दोहरी शिकस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मॉर्निंग क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित धमतरी विधानसभा स्तरीय रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता डीपीएल सीजन-7 में शुक्रवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। मिशन ग्राउंड में खेले गए चौथे दिन के मैचों में अरौद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने दोनों मुकाबले जीत लिए, जबकि दोनर की टीम को लगातार दो हार का सामना करना पड़ा। दिन के पहले मुकाबले में परसतराई ने अछोटा को 8 विकेट से हराया। इसके बाद अरौद ने दोनर को 8 विकेट से मात दी।

तीसरे मैच में अरौद ने परसतराई को 60 रन के बड़े अंतर से पराजित कर अपना दबदबा कायम रखा। दिन के अंतिम मुकाबले में अछोटा ने दोनर को 6 विकेट से शिकस्त दी। खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन ने भी दर्शकों का ध्यान खींचा। हेमंत साहू, अवन साहू, आशु साहू और वेद प्रकाश देवांगन को उनके शानदार खेल के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। डीपीएल-7 में ग्रामीण अंचल की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला जारी है, जिससे प्रतियोगिता का रोमांच लगातार बढ़ता जा रहा है।










तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज